
# Placement Cell & Incubation Cell Activities: 2022-23

The Placement cell OF SBRM GOVERNMENT COLLEGE, NAGAUR works for updating the students for upcoming vacancies and employment opportunities available for them. Students are encouraged to apply for short vocational courses with their academic studies. The Placement Cell is important in locating job opportunities for Undergraduates and Postgraduates graduating from the institution by establishing communication with prestigious firms and industrial establishments. The Placement Cell is open all year to make connections between companies and graduates. The number of students appointed through interviews and job is steadily increasing. Many reputable industries come to the institute on invitation to conduct the survey. College has a working collaboration with corporate foundations like Ambuja Cement Foundation, which provide short market oriented training courses. The College arranges for lecture sessions to prepare students to face interviews, to improve their communication skills and in resume writing. Placement cell also maintains records for students who cleared various national and state level examinations.



**Discussion on relevance of Hindi and discussion held on employment potential -14Sept, 2022 (100 students participated)-**





पत्रिका

Share Go to page font-inc Image View Text

हिंदी दिवस पर मिर्धा महाविद्यालय में परिचर्चा का आयोजन

**'विविधता वाले देश में सबको एकता के सूत्र में पिरोने का काम कर रही है हिंदी'**

नागौर. मिर्धा कॉलेज में आयोजित परिचर्चा में भाग लेते संकाय सदस्य।

बासनी. राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय में हिंदी दिवस मनाते विद्यार्थी ।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

नागौर. बीआर मिर्धा राजकीय महाविद्यालय में बुधवार को विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर हिंदी दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। हिंदी विभाग और सांस्कृतिक समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित परिचर्चा की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. हरसुख छरंग ने भारतीय सभ्यता, संस्कृति और इतिहास से हिंदी भाषा के अटूट, आत्मीय संबंध की जानकारी दी। डॉ. छरंग ने बताया कि जाति, धर्म, भाषा, खानपान और पहनावे की विविधता वाले देश में हिंदी भाषा कई शताब्दियों से सबको एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य सफलतापूर्वक कर रही है। सांस्कृतिक समिति की संयोजक डॉ. पूर्णिमा झा ने हिंदी को जन-मन की अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम बताया। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. भूपेश बाजिया ने हिंदी के उद्भव और विकास यात्रा का परिचय देते हुए कहा कि वर्तमान संदर्भ में राज भाषा और मानक भाषा के रूप में खड़ी बोली के साथ ही हिंदी की विविध उपभाषाएं और बोलियां भी क्षेत्रानुसार अपनी प्रासंगिकता बनाए हुए हैं। परिचर्चा में डॉ. महेंद्र सिंह राठौड़, डॉ. रणजीत पूनिया, कैप्टन प्रेमसिंह बुगासरा सहित अन्य वक्ताओं ने विचार व्यक्त किए। इस दौरान प्रो. सुखराज पूनड़, डॉ. दिलीप पंवार, प्रो. पूर्णिमा कत्याल, डॉ. हेमाराम, प्रो. अविनाश व्यास, प्रो. विनीता मिर्धा, प्रो. अरविंद, डॉ. अभिलाषा, डॉ. सुनील, प्रो. सुलोचना शर्मा, प्रो.सहीराम, प्रो.जगदीश राम, प्रो. लाखाराम, प्रो. महला व प्रो. सुरेंद्र सिंह सहित अन्य संकाय सदस्य, कार्मिक व भाषा मर्मज्ञ मौजूद रहे।

**बासनी @ पत्रिका.** कस्बे की स्कूलों में हिंदी दिवस उत्साह से मनाया गया। राजकीय महात्मा गांधी बालिका विद्यालय में शिक्षिका सरोज चौधरी ने कहा कि हिंदी हमारी राष्ट्रीय भाषा है। इसका बोलचाल व लेखन कार्य में अधिक से अधिक उपयोग करें। जिस देश की अपनी कोई भाषा नहीं होती उस देश का उत्थान भी नहीं होता। इसी प्रकार गांव बापोड के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में हिंदी दिवस पर प्रधानाध्यापक हरिराम चौधरी ने कहा कि हम हिंदी अच्छी बोल लेते हैं, लेकिन लेखन कार्य में शुद्ध हिंदी का प्रयोग नहीं करते। इस दौरान श्रुति लेख, सुलेख व भाषण प्रतियोगिता हुई।

**Drug Free India Campaign- Essay and Speech Competition- 26 Sept, 2022(50 Students Participated)-**



दैनिक नवज्योति

Nagaur - 27 Sep 2022 - Page 6

**नशा–मुक्त भारत अभियान के तहत विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित**

**भाषण में हेमेन्द्र एवं निबंध प्रतियोगिता में दिनेश प्रथम**

नागौर। मिर्धा कॉलेज में भाषण प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी।

न्यूज सर्विस/नवज्योति, नागौर

श्री बीआर मिर्धा राजकीय महाविद्यालय में सोमवार को नशा-मुक्त भारत अभियान के तहत भाषण, निबंध व चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ।

महाविद्यालय की सांस्कृतिक समिति, एनएसएस, एनसीसी और रॉवर्स-रेन्जर्स के संयुक्त तत्त्वावधान में आयोजित प्रतियोगिताओं की जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ. हरसुखराम छरंग ने बताया कि नशीले पदार्थों की लत बीमारी है या स्वैच्छिक विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में हेमेन्द्र पालड़िया (एमएससी पूर्वार्द्ध) प्रथम, कोमल (बीए तृतीय) द्वितीय व पूजा गौड़ (बीएससी द्वितीय) तीसरे स्थान पर रही। निर्णायक मण्डल में डॉ. हेमाराम धुंधवाल, डॉ. सुनिल चौधरी एवं प्रो. सुमित्रा सांगवा शामिल रहे। इसी प्रकार नशा मुक्त भारत अभियान एवं इसकी सफलता के लिए भावी कार्य योजना विषय के निबंध प्रतियोगिता में दिनेश गोदारा (बीएससी. तृतीय) प्रथम, कृष्ण भादू (बीएससी द्वितीय) द्वितीय व दिलीप (बीए द्वितीय) तीसरे स्थान पर रहे। निर्णायक मण्डल में प्रो. पूर्णिमा झा, डॉ. भूपेश एवं प्रो. सहीराम बिश्नोई शामिल रहे। इसी प्रकार मादक पदार्थों के व्यक्तिगत दुष्परिणाम शीर्षक से आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता रामपुत्री (बीए द्वितीय) प्रथम, पूजा गौड़ (बीएससी द्वितीय) द्वितीय व भरतराम (बीए द्वितीय) तीसरे स्थान पर रहे। निर्णायक मण्डल में प्रो. अविनाश व्यास, प्रो. जगदीशराम एवं प्रो. कुम्भाराम महला शामिल रहे। प्राचार्य छरंग ने बताया कि तीनों प्रतियोगिताओं में जिला स्तर पर एक-एक प्रतिभागी का चयन किया जाएगा। जिन्हें राज्य स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त हो सकेगा।



**Career Counseling Event for Subject Selection- 8 Oct, 2022(100 Students Participated)-**






## Workshop On Road Safety And Jivan Surksha ( 22 Nov 2022) -100 Students participated-



दैनिक नवज्योति Nagaur - 23 Nov 2022 - Page 2

# विद्यार्थी ट्रैफिक सेंस की रखें समुचित जानकारी रखें व व्यवहार में भी उतारें

## 'सड़क सुरक्षा एवं जीवन रक्षा' विषय पर कार्यशाला

न्यूज सर्विस/नवज्योति, नागौर

जिला परिवहन विभाग और श्री बीआर मिर्धा महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को 'सड़क सुरक्षा एवं जीवन रक्षा' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि जिला परिवहन अधिकारी सुप्रिया बिश्नोई ने सड़क परिवहन के नियमों और सुरक्षित यात्रा के उपायों की जानकारी देते हुए बताया कि केन्द्र सरकार की 'गुडसेमेरिटन' योजना एवं इस संबंध में 2016 से लागू कानूनी प्रावधान दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति की जीवन रक्षा एवं आदर्श नागरिकता बोध के विकास के लिए बेहतरीन प्रयास है। योजना के तहत दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद करने वाले को अनावश्यक पुलिस कार्रवाई से मुक्त रखने के साथ ही 5 हजार रुपए तक की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। योजना के तहत राष्ट्रीय स्तर पर इस प्रोत्साहन राशि की ऊपरी सीमा एक लाख रुपए तय की गई है।

अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. महेंद्र सिंह राठौड़ ने विद्यार्थी जीवन में ट्रैफिक सेंस की समुचित जानकारी और उन्हें व्यवहार में उतारने का आह्वान किया। इस दौरान उप निरीक्षक राजेंद्र एवं अन्य अधिकारियों ने भी विचार व्यक्त किए। मंच संचालन युवा विकास केंद्र के संयोजक डॉ. भूपेश बाजिया ने किया। कार्यशाला के द्वितीय चरण में एनजीओ के प्रतिनिधि उदयवीर सिंह और विकास यादव ने सड़क दुर्घटना सहित अस्थि भंग, सर्पदंश, हृदयाघात, मिर्गी, मूर्छा, अग्नि-दाह, आकाशीय तड़ित और विद्युत प्रवाह जैसी आपातकालीन परिस्थितियों में प्राथमिक उपचार की जानकारी देते हुए सीपीआर जैसी जीवन रक्षक प्रणाली के बारे में बताया। समापन पर शपथ ग्रहण के साथ ही शार्ट फिल्म के माध्यम से सड़क सुरक्षा और जीवन रक्षा का संदेश दिया गया।

कार्यशाला में डॉ.अंजू शर्मा, कैप्टन प्रेमसिंह बुगासरा, डॉ. प्रकाश नारायण, प्रो.सुखराज पूनड़, प्रो. सुरेंद्र सिंह, प्रो. पूर्णिमा झा, डॉ. सरोज कुमारी, प्रो.महेंद्र लोमरोड़, अब्दुल रऊफ, आरिफ गौरी एवं परिवहन विभाग के कार्मिकों, एनसीसी, एनएसएस, रोवर्स रेंजर्स के स्वयंसेवकों सहित कई विद्यार्थी मौजूद रहे।



**Career guidance program for students in which self-employment financial management related lectures were organized 82 students were participated -**






नागौर, शनिवार, 10 दिसंबर, 2022 | 15

# मिर्धा महाविद्यालय में स्वरोजगार व वित्तीय प्रबंधन संबंधित कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## व्याख्याताओं ने अलग-अलग क्षेत्र और विषय पर छात्रों से किया संवाद

भास्कर संवाददाता | नागौर

प्रतिस्पर्धा के दौर में सरकारी नौकरी के एकमेव उद्देश्य की अपेक्षा वित्तीय प्रबंधन और स्वरोजगार के माध्यम से कैरियर निर्माण की जानकारी देने के लिए शुक्रवार को बलदेव राम मिर्धा कॉलेज में महिला प्रकोष्ठ व कैरियर काउंसलिंग व प्लेसमेंट सेल के तहत व्याख्यान सत्र तथा संवाद कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम संयोजक प्रोफेसर पूर्णिमा झा ने बताया कि प्राचार्य डॉ. हरसुख छरंग की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ के तौर पर कृषि महाविद्यालय, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. बालकृष्ण बैरवा ने कृषि महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी दी। संयुक्त प्रवेश परीक्षा जेट व भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद आईसीएआर की ओर से आयोजित परीक्षा के माध्यम से चयनित विद्यार्थी ही मान्यता प्राप्त संस्थाओं से संबंधित पाठ्यक्रम में प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। कृषि विज्ञान केन्द्रों की ओर से कृषि व सहायक क्षेत्रों में स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए डॉ. बैरवा ने बताया कि परम्परागत कृषि के स्थान पर आधुनिक प्रविधियों, जैसे- मृदा जांच, फसल चक्र, बूंद बूंद सिंचाई आदि का प्रयोग कर बागवानी, पशुपालन, मुर्गीपालन, मत्स्यपालन व शहद उत्पादन जैसी सहायक गतिविधियों की ओर से ग्रामीण क्षेत्रों में ही स्वरोजगार व आर्थिक स्वावलंबन के अवसर खोजे जा सकते हैं। यूको बैंक के लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर जीवन ज्योति ने शिक्षा व स्वरोजगार के लिए वित्तीय प्रबंधन की जानकारी देते हुए किसान क्रेडिट कार्ड व प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत ऋण लेने की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। आरसेटी के निदेशक अर्पित शर्मा ने भी संबंधित विषय पर विचार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों की जिज्ञासा का समाधान किया। करियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल के प्रभारी डॉ. भूपेश बाजिया ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए उद्यमिता व कौशल विकास का महत्व बताया। डॉ. हेमाराम धुंधवाल ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। महिला प्रकोष्ठ की सदस्य प्रो. सुलोचना शर्मा व डॉ. अभिलाषा चौधरी ने उड़ान योजना के तहत बालिकाओं को निशुल्क सेनेटरी नैपकिन वितरित किए।

नागौर. कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी।



A job fair was organized at Shri BR Mirdha Government College, Nagaur on 23 November 2022. This employment fair was organized under the joint aegis of Employment Office, Nagaur District Collectorate. In this fair, about 301 participants were selected in various private sector companies. 128 students were also selected for training. 42 students were given information about various schemes in the fair. To see today's employment fair, More than one thousand students and faculty members were present



ौर भास्कर 24-11-2022

नागौर

ेज में कलेक्टर ने रोजगार मेले का किया उद्घाटन, अनेक युवाओं ने लिया भाग, 42 अभ्यर्थियों को विभिन्न योजनाओं की जा

## ाओं ने करवाया अपना पंजीयन, 301 का निजी कंपनि

### 128 अभ्यर्थियों का विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण के लिए चयन, युवाओं को प्रशिक्षण भी दिय

कलेक्टर सामरिया ने बेरोजगार अभ्यर्थियों को संबोधित किया तथा इन रोजगार प्रदाता कम्पनियों में अपनी योग्यता के अनुसार भाग्य आजमाने का आह्वान किया। इस दौरान जिला उद्योग अधिकारी बजरंग सांगवा ने विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की। जिला रोजगार अधिकारी दिनेश कटानिया ने रोजगार मेले में सभी अभ्यर्थियों को अधिकाधिक लाभ उठाने का आग्रह किया। प्राचार्य डॉ. हरसुख राम छरंग ने रोजगार कार्यालय व अन्य क्षेत्रों से आए हुए आगन्तुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया और अभ्यर्थियों को ऐसे रोजगार मेलों से अधिकाधिक लाभान्वित होने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय के सम्पूर्ण राजपत्रित व अराजपत्रित कार्मिक उपस्थित रहे।

नागौर. मिर्धा कॉलेज में रोजगार मेले को लेकर उद्घाटन कार्यक्रम में मौजूद अतिथि व युवा।

**निजी क्षेत्र की अनेक बड़ी कंपनियों में युवाओं को मिला रोजगार**

निजी क्षेत्र की ईगल आई सिक्योरिटी उदयपुर द्वारा 140, अम्बुजा सीमेंट लिमिटेड मुंडवा द्वा 15, युरेका फोर्ब्स द्वारा 25, नागौर ऑटोमोबाइल्स प्राईवेट लिमिटेड द्वारा 9, मेजि ग्रो बायोटेक प्रा लिमि श्रीगंगानगर द्वारा 10, एलटी फाइनेंस सिक्योरिटी द्वारा 31, मंगलम मोटर्स नागौर द्वारा 14, तेजस सिक्योरिटी स नागौर द्वारा 17, जेके व्हाइट सीमेंट वर्क्स 40 बेरोजगार अभ्यार्थियों का विभिन्न पदो लिए प्रारम्भिक तौर पर चयन किया



**Organization of various competitions (oral and written quiz, essay. and short speech) based on the theme 'Model State Rajasthan', date – 19 to December 26, 2022 ( No. of students participated- 450)career related program and employment related questions were asked.**



राजस्थान पत्रिका

नागौर, मंगलवार, 20 दिसम्बर, 2022

# राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित प्रश्नोत्तरी आयोजित


पत्रिका लाइव रिपोर्ट

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

नागौर. राज्य सरकार के गठन के चार वर्ष पूर्ण होने पर सोमवार को बीआर मिर्धा महाविद्यालय में सरकार की विविध सामाजिक, जनकल्याणकारी और फ्लैगशिप योजनाओं व कार्यक्रमों से संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्राचार्य डॉ. हरसुख छरंग ने बताया कि उच्च शिक्षा निदेशालय से प्राप्त निर्देशों की अनुपालना में महाविद्यालय में 19 से 24 दिसम्बर तक एनएसएस, एनसीसी व साहित्यिक एवं सांस्कृतिक समिति के तत्वावधान में विविध सरकारी योजनाओं से संबंधित प्रश्नोत्तरी, लिखित परीक्षा, निबंध लेखन, आशु भाषण आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना है। इसी क्रम में सोमवार को आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के प्रथम चरण में महाविद्यालय के कुल 455 विद्यार्थियों ने भाग लिया। श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले रविंद्र दान, किरण विश्नोई, धर्मेंद्र, दीपिका, तनिष्का, ललिता, अर्जुन मूंदड़ा, दिव्यांशु, मेघा सामरिया, तीर्थेन्द्र, ईशु सोनी, मुस्कान बानो, पूजा, प्रियेश, गौरवी, दिनेश सोलंकी, कृष्णा जोशी, सेजल बंग, भूटा राम, अशोक, दिलीप, धन्नी, पुनाराम, हिमांशी, मनमोहन सिंह, घनश्याम गोदारा, प्रदीप, सुशीला बेनीवाल, शुभम, राहुल राहड़, अनुराधा सोनी, धर्मेंद्र एवं दिनेश गोदारा सहित 36 विद्यार्थियों का चयन आगामी चरण के लिए किया गया है। संकाय सदस्यों ने निर्णायक मंडल में निर्धारित भूमिका निभाई। मंगलवार को लिखित परीक्षा होगी। जिसमें मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, अनुप्रति कोचिंग योजना, मुख्यमंत्री डिजिटल सेवा योजना, निःशुल्क बिजली एवं घरेलू विद्युत अनुदान योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, पालनहार योजना, किसान मित्र ऊर्जा योजना, मुख्यमंत्री जननी सुरक्षा योजना, राजश्री योजना, शुभ शक्ति योजना, उड़ान योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना एवं सामाजिक सुरक्षा यथा-वृद्धावस्था, एकल महिला, दिव्यांगजन आदि पेंशन योजनाओं व अन्य सरकारी कार्यक्रमों से संबंधित लघुत्तरात्मक प्रश्न पूछे जाएंगे।

नागौर. प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में भाग लेती छात्राएं।







# लिखित प्रतियोगिता से परखी विद्यार्थियों की जागरूकता

**नागौर @ पत्रिका.** राज्य सरकार की जनकल्याणकारी एवं फ्लेगशिप योजनाओं के संबंध में मंगलवार को बलदेव राम मिर्धा राजकीय महाविद्यालय में लिखित प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया।

प्राचार्य डॉ. हरसुख छरंग ने बताया कि प्रतियोगिता के प्रथम चरण में कुल 187 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इनमें से कला वर्ग से किरण बिश्नोई, प्रेरणा बोराणा, अंकिता सोलंकी, मोनिका भाटी, सुमित्रा, राहुल, बजरंग लाल, सरिता प्रजापत, गजेंद्र, भगवत सिंह, तीर्थेन्द्र, भाटी, शिवानी, धनराज जांगिड़, राकेश सिंह, अशोक, भुटाराम कड़ेला, दिलीप, अनिता एवं प्रियंका जाखड़, विज्ञान वर्ग से शुभम, खुशी सारस्वत, हेमलता सेन, अंजू मुंडेल, विनोद गोस्वामी, चेनाराम, नितेश चावला, हनुमान राम, विपिन प्रजापत, तनिष्का राठौड़, दीपिका बेनीवाल, मनीष नायक, प्रियंका, कृष्ण भादू, वीरेंद्र प्रजापति, संजय गांधी, सुरेश सियाग, पूनाराम, श्याम कंसारा तथा वाणिज्य संकाय से कीर्ति सोनी, मेघा, मोहम्मद अमान, चेतन बालोटिया, दिनेश सोलंकी, नीलम राठी, स्नेहा रांकावत, प्रज्ञा सोनी, पूजा कंसारा का चयन द्वितीय चरण के लिए किया गया। निर्णायक भूमिका डॉ. भूपेश बाजिया, प्रो. अविनाश व्यास एवं प्रो. सुमित्रा सांगवा थे द्वितीय चरण में वापस लिखित परीक्षा का एवं बी. एससी. तृतीय वर्ष के पूनाराम संयुक्त रूप से द्वितीय तथा बी.ए. प्रथम वर्ष के गजेंद्र तृतीय स्थान पर रहे। विजेताओं को 26 दिसंबर को पुरस्कार वितरण समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

नागौर. लिखित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी।

**Career Counselling Seminar Report (11.02.2023)**

**One day career-counselling seminar was organized by joint collaboration of Campus Placement and Career Counselling Cell with Incubation cell of SBRM GOVT College, Nagaur on 11 feb., 2023 The seminar was attended by 80 students of the college**



**15 days vocational 30 hours certification courses in Yoga And Meditation, Beauty And Wellness programs were conducted from 1 to 15 may 2023 -120 students were participated and got certification.**



दैनिक नवज्योति    Nagaur - 15 May 2023 - Page 7

नागौर। मिर्धा कॉलेज में आयोजित समारोह में मंचासीन अतिथि व उपस्थित विद्यार्थी।

## लक्ष्य निर्धारित करके आगे बढ़ने से मिलती सफलता

### योगा व मेडिटेशन एवं ब्यूटी वेलनेस वोकेशनल कोर्सेज का समापन

न्यूज सर्विस/नवज्योति, नागौर

राजकीय बीआर मिर्धा कॉलेज में रविवार को योगा व मेडिटेशन एवं ब्यूटी वेलनेस वोकेशनल कोर्सेज का विधिवत समापन हुआ। इस दौरान मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम मनीषा, द्वितीय सूफिया तथा तृतीय माया को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सैनिक क्षत्रिय माली समाज के अध्यक्ष कृपाराम देवड़ा को भी कॉलेज विकास के लिए दिए योगदान के लिए अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर देवड़ा ने कहा कि छात्र छात्राओं को अपना लक्ष्य निर्धारित कर सदमार्ग पर चलना चाहिए, तभी सफलता मिल सकती है। समारोह की अध्यक्षता करते हुए मिर्धा कॉलेज प्राचार्य डॉ. हरसुखराम छरंग ने कहा कि वोकेशनल कोर्स का जीवन में बड़ा महत्व है, जिससे ज्ञान में अभिवृद्धि होती है। व्यक्ति कुछ नया करने का हुनर भी सीखता है। जो युवाओं के लिए आगे चलकर रोजगार के रास्ते खोलता है और व्यक्तिगत विकास में सहायक होता है। इसलिए ऐसे कोर्सेज से हर युवा को जुडना चाहिए। पूर्व प्राचार्य डॉ. शंकरलाल जाखड़ ने कहा कि युवा केवल डिग्री तक सीमित नहीं रहे, बल्कि वास्तविक ज्ञान अर्जित करे तभी डिग्री की सार्थकता रहेगी। समारोह की विशिष्ट अतिथि सरोज प्रजापत ने विद्यार्थियों को कौशल विकसित करने पर जोर दिया। युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष हनुमान बांगड़ा ने महाविद्यालय जीवन के निर्माण का आधार है। इसे सरकारी भवन नहीं समझकर, संस्कार प्रदान करने वाला घर समझना चाहिए। कोर्स कॉर्डिनेटर डॉ. अभिलाषा चौधरी ने संचालित कोर्सेज की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने युवाओं को शिक्षा के साथ आगे बढ़ने की सीख दी। समारोह को पतंजलि के तहसील प्रभारी व योग प्रशिक्षक केसरीनंदन सोनी, अंबुजा फाउण्डेशन की ब्यूटी व वेलनस प्रशिक्षक काजल चौहान, सेवानिवृत्त लेखाधिकारी राजेंद्र प्रजापत ने भी संबोधित किया। कोर्स कॉर्डिनेटर डॉ. अभिलाषा चौधरी व डॉ. सुलोचना ने अतिथियों का आभार ज्ञापित किया। संचालन डॉ. सुमित्रा सांगवा ने किया। समारोह में डॉ. पूर्णिमा कत्याल व डॉ. प्रेमसिंह बुगासरा सहित सभी संकाय सदस्य मौजूद थे।






## बीआर मिर्धा महाविद्यालय में ध्यान और ब्यूटी एंड वैलनेस कक्षाएं शुरू

भास्कर न्यूज|नागौर

बीआर मिर्धा महाविद्यालय में 1 मई से योग तथा ध्यान और ब्यूटी एंड वैलनेस की कक्षाएं शुरू हो गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हरसुख राम छरंग ने बताया कि योग तथा ध्यान की कक्षाएं सुबह 6 बजे से पतंजलि योग पीठ के संयुक्त तत्वाधान में भारत स्वाभिमान न्यास के जिला संयोजक सीताराम तांडी तथा तहसील प्रभारी केसरीनंदन सोनी के द्वारा ली गई, जिसमे पतंजलि योग समिति के प्रोटोकॉल के अनुसार प्राणायाम तथा विभिन्न आसन जैसे भस्त्रिका, कपाल भारती इत्यादि का अभ्यास करवाया और इनके लाभ की जानकारी दी। डॉ. सरोज फगोडिया और डॉ. सुलोचना शर्मा, संयोजक ब्यूटी एंड वैलनेस ने बताया की अम्बुजा फाउण्डेशन के संयुक्त तत्वाधान में ब्यूटीशियन काजल चौहान ने कक्षा ली और जिसमे पर्सनल केयर हाइजीन और त्वचा के विभिन्न प्रकार के बारे में जानकारी दी। डॉ. अभिलाषा चौधरी और सुमित्रा सांगवा ने संयोजक योग तथा ध्यान ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उक्त कोर्स के पूरा होने पर प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे। वरिष्ठ संकाय सदस्य प्रोफेसर महेंद्र सिंह राठौड़, डॉ. पूर्णिमा कत्याल, सुखराज पुनड़, डॉ. भूपेश, जगदीश झींझा इत्यादि उपस्थित रहे।

**SRI BALDEV RAM MIRDHA GOVT. COLLEGE, NAGAUR (RAJ) in collaboration with Institute for Advanced Studies (IFAS INSTITUTE) has organized Webinar (ONLINE) through the Google Meet platform - "Strategies to crack competitive level examinations after Graduation and Post Graduation”. On 23 June 2023. Time - 11:00 AM to 2:30 PM at the College's conference room. The webinar was attended by 298 participants**



दैनिक भास्कर नागौर भास्कर 24-06-2023

## यूजी-पीजी के बाद प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने की दी गई जानकारी

### राजकीय महाविद्यालय में वेबिनार का आयोजन

भास्कर न्यूज|नागौर

बीआर मिर्धा महाविद्यालय नागौर में शुक्रवार को आईएफएएस पूना एवं महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनार की शुरूआत प्राचार्य डॉ. हरसुख राम छरंग के उद्बोधन से हुई, जिन्होंने विद्यार्थियों को इस वेबिनार के विषय- 'स्नातक व स्नातकोत्तर पश्चात कैसे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करें' पर विस्तृत जानकारी दी। मुख्य वक्ता डॉ. राजीव अभयन्कर, प्रभागाध्यक्ष रसायन शास्त्र, आईएफएएस पूना ने विभिन्न प्रकार की राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की अर्हता व तैयारी के लिए विद्यार्थियों को जानकारी दी। वेबिनार में महाविद्यालय के 200 से भी अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। संस्थान के प्रतिनिधि वैभव बोरा ने बताया कि उनका संस्थान महाविद्यालय के विज्ञान संकाय के स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के तीन-तीन विद्यार्थियों को जो कि प्रतिभाशाली है और आर्थिक मदद की आवश्यकता है को छात्रवृति प्रदान करेगा। वेबिनार के समन्वयक डॉ. महेन्द्र सिंह राठौड़ द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। वेबिनार के चेयर पर्सन प्रो. रणजीत पूनियां व प्रो. प्रेमसिंह बुगासरा रहे। डॉ. सुनील चौधरी व डॉ. अभिलाषा चौधरी ने वेबिनार संयोजक के रूप में भूमिका निभाई। वेबिनार में तकनीकी सहयोग मोहम्मद आरीफ गौरी द्वारा दिया गया। इस इस दौरान सदस्य डॉ. प्रकाश नारायण, डॉ. भूपेश, डॉ. अविनाश व्यास, डॉ. सुलोचना शर्मा, प्रो. जगदीश राम व महावीर व्यास आदि उपस्थित रहे।



**Placement Drive on 16 Jan 2023-26 students participated-**



# 26 विद्यार्थी ने दिया साक्षात्कार, 10 को रिलेशनशिप मैनेजर पद पर मिलेगी नियुक्ति

## आईएफबीआई, कॅरियर कांउसिल एंड प्लेसमेंट सैल ने कराया आयोजन

भास्कर न्यूज़ | नागौर

आईएफबीआई, कॅरियर कांउसिल एंड प्लेसमेंट सैल के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को जिला मुख्यालय के बी आर मिर्धा राजकीय महाविद्यालय में प्लेसमेंट शिविर का आयोजन हुआ। शिविर प्रभारी डॉ. भूपेश ने बताया कि प्राचार्य डॉ. हरसुख राम छरंग की

नागौर. शिविर के दौरान मौजूद कॉलेज विद्यार्थी।

हेतु चयनित हुआ। जिसमें से 10 इस दौरान उपभोक्ता क्लब प्रभारी

माध्यम से
सभी विषयो के स्नातक उत्तीर्ण एवं स्नातकोतर अध्यनरत विद्यार्थियों (स्नातक के अंतिम वर्ष में अध्यनरत विद्यार्थी भी योग्य है)
के लिए है। बैंकिंग व मैनेजमेंट क्षेत्र में रोजगार के इच्छुक विद्यार्थी दिए गए लिंक पर क्लिक कर अपना रजिस्ट्रेशन निःशुल्क करवा सकते हैं।

फॉर्म भरे:
https://forms.gle/AaEsSv5xL4Mzewwt7

महाविद्यालय ऑडिटोरियम में आयोजित होने वाले कार्यक्रम का विवरण इस प्रकार है -






**Gandhi Darshan training camp 30 June 2023 -200 students were participated-**






दैनिक भास्कर

नागौर भास्कर 01-07-2023

शिविर • मिर्धा कॉलेज में गांधी दर्शन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन, नेहरु पार्क से कॉलेज तक निकाली रैली

# मिथ्या तथ्यों को प्रचारित करने से बचे: एसडीएम

भास्कर न्यूज|नागौर

बीआर मिर्धा कॉलेज में शुक्रवार को ब्लॉक स्तरीय गांधी दर्शन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन ब्लॉक संयोजक दिलफराज खान की अध्यक्षता में किया गया। प्रशिक्षण शिविर महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति द्वारा आयोजित किया गया। इस दौरान प्रशिक्षण शिविर के मुख्य अतिथि उपखण्ड अधिकारी सुनील पंवार ने गांधी दर्शन की प्रासंगिकता के बारे में प्रशिक्षणार्थियों के साथ चर्चा की। उन्होंने कहा कि गांधी दर्शन की प्रासंगिकता समय के साथ और बढ़ी है। महात्मा गांधी अतीत ही नहीं हमारा भविष्य भी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सत्य के स्थान पर मिथ्या तथ्यों को प्रचारित करने का फैशन बन गया है। इधर, नगर परिषद के नेहरु पार्क में एसडीएम पंवार ने गांधीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर गांधी दर्शन प्रशिक्षण शिविर रैली को रवाना किया, जो बीआर मिर्धा कॉलेज परिसर पहुंची। इसके बाद कॉलेज के ऑडिटोरियम में दीप प्रज्ज्वलन के साथ प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत की। शिविर में प्राचार्य डॉ. हरसुखराम छरंग, प्राचार्य माया जाखड़, शिक्षक गिरिराज व्यास, सुखराम, मनोज सोनी, अजय शर्मा, वसुंधरा तिवाड़ी ने संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र दिए गए। इस दौरान आयुक्त देवीलाल बोचल्या, तहसीलदार ताराचंद मीणा, मोडाराम भादू, विजेंद्र ढाका, पार्षद मकबूल खां, श्रवण मानव सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

नागौर. शिविर के दौरान मौजूद लोग।

## पर्यावरण, इतिहास, कला व संस्कृति संरक्षण जरूरी

गांधी दर्शन समिति के सहसंयोजक हीरालाल भाटी ने कहा कि गांधीजी के विचारों के अनुरूप हम सब को संकलिप्त होकर वन पर्यावरण, इतिहास, कला एवं संस्कृति का संरक्षण करना होगा। ब्लॉक संयोजक दिलफराज खान ने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य आमजन के जीवन में गुणात्मक बदलाव लाना है। अहिंसा के मार्ग पर चलने वाले व्यक्तियों को अतिरिक्त तथा कठिन प्रशिक्षण की आवश्यकता रहती है।